बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संख्या** – 01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2280 पटना, दिनांकः– 28/05/2024

## आदेश

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मु0), पश्चिम चम्पारण के पत्रांक 686 दिनांक 25.09.2023 द्वारा श्री अजय कुमार राम, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03905) के विरूद्ध प्रतिवेदित किया गया है कि निदेशालय आदेश संख्या 10730 दिनांक 07.09.2020 से पदस्थापन के पश्चात् दिनांक 14.09.2020 को योगदान देकर ये लगातार अनुपस्थित हैं।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 1568 दिनांक 25.03.2024 द्वारा योगदान देकर लगभग 04 वर्षो से लगातार अनुपस्थित रहने के विरूद्ध श्री अजय से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित नहीं किया गया है, जो इनके मनमानेपन एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश के अवहेलना का द्योतक है।

स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में बंदोबस्त कार्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया है। अवलोकनोपरांत पाता हूँ कि श्री अजय द्वारा दिनांक 01.09.2020 को निदेशालय में योगदान दिया गया है, जिसके पश्चात् निदेशालय आदेश संख्या 10730 दिनांक 07.09.2020 द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, प0चम्पारण (बेतिया) में इन्हें पदस्थापित किया गया है। प्राप्त प्रतिवेदनानुसार श्री अजय दिनांक 14.09.2020 को योगदान देकर लगभग 04 वर्षो से लगातार अनुपस्थित हैं। इनके द्वारा न ही कभी पदस्थापित कार्यालय और न ही निदेशालय को अपनी अनुपस्थिति के संबंध में स्थिति से संबंधित कोई सूचना/आवेदन दिया गया है। इसके बावजूद भी नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए इन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है, परन्तु इनके द्वारा अपना पक्ष नहीं रखा जाना इनके मनमानेपन, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता एवं आदेशोल्लंघन को स्वतः परिलक्षित करता है।

अतः उपरोक्त के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली, 2022 के नियम 8(4) में वर्णित प्रावधान के तहत में श्री अजय कुमार राम, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03905) का संविदा नियोजन दिनांक 14.09.2020 से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 28/05/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**–01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2280 **पटना, दिनांक** :- 28/05/2024

**प्रतिलिपि** :– श्री अजय कुमार राम, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03905), बंदोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण(बेतिया) को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**–01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2280 **पटना, दिनांक** :- 28/05/2024

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण(बेतिया) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः–01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी0(R2R)–14 / 2023 2280 पटना, दिनांक 28/05/2024

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इनकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप